# दिनांक 28.04.2025 को आयोजित मंडल संसदीय समिति, दानापुर की बैठक का कार्यवृत्त

## स्थान : सभागार, महेन्द्रू घाट, पटना

| उपस्थित माननीय सांसद/प्रतिनिधिगण | उपस्थित रेलवे अधिकारीगण |
|---|---|
| 1. श्री कौशलेन्द्र कुमार, अध्यक्ष, मंडल संसदीय समिति-सह-माननीय सांसद, नालंदा | 1. श्री छत्रशाल सिंह, महाप्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर |
| 2. मो. अफजाल अनसारी, माननीय सांसद, गाजीपुर (उ.प्र.) | 2. श्री अमरेन्द्र कुमार, अपर महाप्रबंधक |
| 3. श्री सुधाकर सिंह, माननीय सांसद, बक्सर | 3. डॉ. मनोज सिंह, प्र.मु.परि.प्र./हाजीपुर |
| 4. श्री अरुण भारती, माननीय सांसद, जमुई | 4. श्री मती इन्दू दूबे, प्र.मु.वा.प्र./हाजीपुर |
| 5. श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, माननीय सांसद, जहानाबाद | 5. श्री रामाश्रय पाण्डेय, मु.प्रशा.अधि/निर्माण/दक्षिण |
| 6. श्री सुदामा प्रसाद, माननीय सांसद, आरा | 6. श्री एस.के.सिंह, मु.प्रशा.अधि/आर.एस.पी |
| 7. श्री खीरू महतो, माननीय सांसद राज्यसभा | 7. श्री शैलेश वर्मा, प्र.मु.अभि./हाजीपुर |
| 8. श्री शंभू शरण पटेल, माननीय सांसद राज्यसभा | 8. श्री प्रभात कुमार, प्र.मु.संरक्षाअधि./हाजीपुर |
| 9. माननीय केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी के प्रतिनिधि श्री अमितकुमार जी | 9. श्री आर.के.चौधरी, प्र.मु.वि.अभि./हाजीपुर |
| 10. माननीय केंद्रीय लघु, सूक्ष्म एवम् मध्यम उद्यम मंत्री श्री जीतन राम मांझी जी के प्रतिनिधि डॉ मो. सिब्गतुल्लाह खान जी | 10. श्री अमरेश कुमार, प्र.मु.सु.आयुक्त/हाजीपुर |
| 11. माननीय सांसद, पटना साहिब श्री रविशंकर प्रसाद जी के प्रतिनिधि श्री रामजी सिंह जी | 11. डॉ. यू.के.पेरूमल, प्र.मु.चि.निदेशक/हाजीपुर |
| 12. माननीय सांसद, चंदौली श्री वीरेन्द्र सिंह जी के प्रतिनिधि श्री नवीन कुमार सिंह जी | 12. श्री बी.के.सिंह, प्र.मु.का.अधि./हाजीपुर |
| 13. माननीय सांसद, नवादा श्री विवेक ठाकुर जी के प्रतिनिधि श्री रजनीश कुमार जी | 13. श्री आर.आर.प्रसाद, प्र.मु.या.अभि./हाजीपुर |
| 14. माननीय सांसद, राज्यसभा डॉ भीम सिंह जी के प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत कुमार जी | 14. श्री सविता गेडम, प्र.मु. सिग.&दूर.अभि./हाजीपुर |
| | 15. श्री विजय कुमार, प्र.मु.सा.प्र./हाजीपुर |
| | 16. मो. एम. हसन, वित्त सलाहकार/हाजीपुर |
| | 17. श्री बीरेंद्र कुमार, मु.या.परि.प्र./हाजीपुर |
| | 18. श्री सुमन कुमार सिंह, महाप्रबंधक के सचिव |
| | 19. श्री अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक (सा.) |
| | 20. श्री सरस्वती चन्द्र, मु.जनसंपर्क अधि./हाजीपुर |
| | 21. श्री जयन्त कुमार चौधरी, मंडल रेल प्रबंधक/दानापुर |
| | 22. श्री ए.के.चन्दन, अ.मं.रे.प्र./इन्फ्रा/दानापुर |
| | 23. श्री आधार राज, अ.मं.रे.प्र./परि./दानापुर |
| | 24. श्री सुशील कुमार, मु.परि.प्र./गतिशक्ति |
| | 25. श्री सुमन भारती, वरी.मं.अभि (सम.) |
| | 26. श्री अभिनव सिद्धार्थ, वरी.मं.वा.प्र./दानापुर |
| | 27. श्री सुधांशु रंजन, वरी.मं.परि.प्र./दानापुर |
| | 28. श्री रजनीश कुमार सिंह, वरी.मं.सिग.&दूर.अभि |
| | 29. श्री पुष्कर कुमार, वरी.मं.यां.अभि./दानापुर |
| | 30. श्री अतुल कुमार, वरी.मं.का.अधि./दानापुर |
| | 31. श्री शिवेंद्र कुमार, मं.वि.अभि.(सा.)/दानापुर |
| | 32. श्री आसीत कुमार, उप.मु.परि.प्र./गतिशक्ति |
| | 33. श्री मनीष कुमार,वरी.को.डि.अधि./RNCC |

सर्वप्रथम महाप्रबंधक, श्री छत्रशाल सिंह द्वारा माननीय सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत शॉल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया | दानापुर मंडल द्वारा गाड़ियों के समय-पालन, आधारभूत ढाँचे के विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों और नई परियोजनाओं हेतु किए गए प्रयासों एवं विगत वर्ष के दौरान प्राप्त उपलब्धियों को Power Point प्रेजेंटेशन के माध्यम से माननीय सांसदगण एवं माननीय सांसद प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया | तदोपरांत माननीय सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल के सर्वांगीण विकास एवं यात्री सुविधाओं में उत्तरोत्तर वृद्धि करने हेतु अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए गए, जो निम्नलिखित हैं :-

## 1.0 श्री कौशलेन्द्र कुमार- अध्यक्ष, मण्डल संसदीय समिति-सह-माननीय सांसद (लोक सभा)/नालंदा

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1.1 | महाप्रबंधक महोदय से आग्रह किया गया की संबंधित रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले जन प्रतिनिधियों (माननीय सांसदों) के लिए एक-एक वरीय रेल अधिकारियों को नामित किया जाए, जो उनके संसदीय क्षेत्र में रेल से संबंधित विकास कार्यों से अवगत करवा सकें। | |
| 1.2 | मो. माशूक हसन, पिता: स्व. मंजुर हसन ग्राम- सब्बैत, थाना-नालंदा की पैतृक भूमि मोहनपुर, अंचल-सिलाव, नालंदा में थाना न. 424, खाता-63 व 12, प्लाट-908 व 909 कुल अरजियात 72 व 73 डेसीमल अंचल अभिलेख पर जमाबंदी कायम है । किन्तु रेलवे हंटर भूमि का वास्तविक नापि कराकर सीमांकन रेखा स्पष्ट स्थापित करने का निर्देश संबंधित रेल पदाधिकारी को दी जाए ताकि भविष्य में किसी तरह का आरोप-प्रत्यारोप, वाद-विवाद की स्थिति स्थल पर उत्पन्न नहीं हो । | Sr. DEN |
| 1.3 | फ़तुहा-इस्लामपुर रेल खंड स्थित ग्राम-कृष्णापुर (मियांविगहा), वार्ड न.7, हिलसा स्थित लेवल क्रॉसिंग सं. 19 को बंद कर दिया गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर संज्ञान लिया जाना जरूरी है। | Sr. DEN |
| 1.4 | दनियावाँ-बिहारशरीफ रेलखंड चालू हो जाने के कारण ग्राम कुकसरिया से आरियों का सड़क यशवंतपुर हिलसा मार्ग बंद हो चुका है। अब तक रेलवे अपने जमीन पर सड़क एवं क्रॉसिंग नहीं बना पाई है जिससे आवागमन अवरुद्ध है, जिसका अविलंब समाधान निकाला जाना चाहिए । | Sr. DEN |
| 1.5 | पावापुरी रोड रेलवे स्टेशन के समीप क्रॉसिंग बंद कर दिया है, यह सड़क NH-20 बख्तियारपुर-रजोली के बीच पावापुरी रोड के वार्ड- 50 में (विजवनपर मोहल्ला) रेल लाइन के दोनों तरफ घनी आबादी के आवागमन को प्रभावित करता है। अत: यहाँ ROB या अंडरपास बनाकर रास्ता दिया जा सकता है। | Sr. DEN |
| 1.6 | रेलवे से संबंधित प्राय: 90% जन समस्याएं यथा- गाड़ियों के ठहराव, स्टेशन परिसर एवं प्लेटफ़ॉर्म पर बिजली-पानी, पार्किंग एवं पे एण्ड यूज शौचालय, ओवर चार्जिंग, ट्रेनों की साफ सफाई और खान-पान से संबंधित होते है। रेल अधिकारियों द्वारा समय-समय पर औचक निरिक्षण कर इसे दुरुस्त किया जाना सुनिश्चित करें। | Sr. DCM |
| 1.7 | मण्डल रेल प्रबंधक महोदय से आग्रह है की Rail Bhoomi Crossing Seva (IR-RBCS) पर लंबित आवेदनों का निदान यथाशीघ्र करने हेतु संबंधित Sr.DEN को निर्देशित करने की कृपा करें। | Sr. DEN |
| 1.8 | नालंदा में राजगीर, दनियावाँ, फ़तुहा रेल खंड पर चलने वाली गाड़ी रामपुर हाल्ट पर तो रुकती है, लेकिन वहाँ टिकट नहीं कटता है। इसलिए रामपुर हाल्ट को नोटिफाइड कर वहाँ पर टिकट काउन्टर की समुचित व्यवस्था किया जाए। | Sr. DCM |
| 1.9 | 12791/92 सिकंदराबाद दानापुर एक्स्प्रेस की निष्क्रिय रेक का उपयोग करते हुए, दानापुर से इस्लामपुर के बीच एक इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए।<br>फ़तुहा हिलसा मेमू ट्रेन का विस्तार खुदागंज तक एवं फ़तुहा नटेसर को राजगीर तक विस्तार किया जाए। | Sr. DOM |

## 2.0 श्री अफजाल अंसारी, माननीय सांसद/गाजीपुर (उ. प्र.)

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 2.1 | भदौरा रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव बहाल किया जाए-<br>13005/06 हावड़ा अमृतसर मेल ,15733/34 एवं 15743/44 फरक्का मेल<br>13237/38 एवं 13239/40 कोटा पटना एक्सप्रेस | Sr. DCM |
| 2.2 | विदित हो कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद निम्न ट्रेनों का ठहराव अब तक पुनर्बहाल नहीं किया गया है। 20801/02 मगध एक्सप्रेस, 15623/24 जोधपुर कामाख्या एक्सप्रेस, 12435/36 जयनगर गरीब रथ एक्सप्रेस । | Sr. DCM |
| 2.3 | विदित हो की जामनिया रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन- हावड़ा अमृतसर पंजाब मेल, तूफान एक्सप्रेस, अपर इंडिया, जनता-लाल किला एक्सप्रेस आदि का संचालन ही समाप्त कर दिया गया है । ऐसी स्थिति में जनहित को ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव/विस्तार किया जाना अपेक्षित है - पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस। डी. डी. यू. स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन सं. 53642 जो प्रात: 7:00 बजे जामनिया स्टेशन व 08:00 बजे दिलदारनागर स्टेशन व 09:00 बजे ताड़ीघाट स्टेशन को पहुँचती है, इसका विस्तार गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन तक किया जाए।<br>इसके अतिरिक्त जामनिया स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर प्लेटफ़ॉर्म संख्या 02 पर एक वेटिंग हाल (प्रसाधन सहित) निर्माण कराया जाये एवं प्लेटफ़ॉर्म सं. 01 पर वाटर कूलर एवं वाटर वेंडिंग मशीन भी गर्मी को दृष्टि में रखकर लगवाया जाए | Sr.DOM<br>Sr.DCM<br>& Sr.DEN<br>(Cord.) |
| 2.4 | जामनिया बाईपास रेलवे क्रॉसिंग एल.सी. न. ए.टी., टी.वी.यू. सं.- 261354 पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। जामनिया स्टेशन के पास डिगरी पुलिया के पास बंद रेलवे क्रॉसिंग को जनहित में खोल दिया जाए । | Sr. DEN |
| 2.5 | जामनिया व दरौली के बीच ग्राम हरिब्लमपुर के पास रेलवे क्रॉसिंग, फाटक या अंडरपास का निर्माण कराया जाए। | Sr. DEN |
| 2.6 | दिलदारनगर व भदौरा के बीच उसिया बाजार मोहल्ले में दोनों तरफ सड़क है यहाँ अंडरपास का निर्माण करना अपेक्षित है। | Sr. DEN |
| 2.7 | दिलदारनगर बाईपास रेलवे क्रॉसिंग एल. सी. न. 85/ए/एस/ई., टी.वी.यू. सं.- 268275 तथा भदौरा रेलवे क्रॉसिंग एल.सी.न. 84/बि.टी., टी.वी.यू. सं.- 122261 पर ओवर ब्रिज का निर्माण आवश्यक है। | Sr. DEN |
| 2.8 | कर्मा बहुवरा से भदौरा तक के लिए नई रेल लाइन बिछाने का टेंडर हो चुका है, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, इसे शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। | Construction MHX |
| 2.9 | "अमृत भारत स्टेशन योजना" रेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसमें विभिन्न स्टेशन सुविधाओं यथा- नए स्टेशन भवन का निर्माण, नए एवं आरामदेह प्रतीक्षालय, डीलक्स शौचालय, पार्किंग का प्रावधान, स्टेशन परिसर का सौंदर्यीकरण, एप्रोच रोड का निर्माण आदि कार्य शामिल है। इस योजना के अंतर्गत दानापुर मण्डल के चयनित स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से संबंधित जन प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए, ताकि इस उपलब्धि को आम जनता पहुंचाया जा सके। | CPM/GATI SHAKTI |

## 3.0 श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव , माननीय सांसद, जहानाबाद

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 3.1 | जहानाबाद में प्रस्तावित पटना-टाटानगर वन्दे भारत एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। | Sr. DCM |
| 3.2 | वर्तमान समय में स्पेशल ट्रेन के रूप में परिचालन किये जा रहे पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया गया) को नियमित रूप से चलाई जाए। | Sr. DOM |
| 3.3 | जहानाबाद से नई दिल्ली तथा कोलकाता की एक-एक ट्रेन का परिचालन किया जाए, वर्तमान समय में जहानाबाद से बड़ी संख्या में लोग मगध, श्रमजीवी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में दिल्ली की यात्रा करते है, इस हेतु यदि आनंद बिहार गरीब रथ का विस्तार जहानाबाद तक किया जाए तो यह एक सराहनीय कदम होगा । | Sr. DOM |
| 3.4 | पूर्व में प्रस्तावित जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वासिंह पिट मैन्टेनमेंस लाइन का निर्माण किया जाना था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अत: जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर वासिंग पिट का निर्माण किया जाए। | Sr. DME |
| 3.5 | जनहित में जहानाबाद व गया से बेंगलुरू के लिय ट्रेन की मांग है। अत: 22351/52 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस को वाया पटना गया रेल खंड के रास्ते परिचालन किया जाए। | Sr. DOM |
| 3.6 | जहानाबाद से कोलकाता के बीच सीधी रेल सेवार्थ गाड़ी सं. 13329/30 पटना धनबाद गंगा दामोदर एक्सप्रेस का विस्तार धनबाद की जगह कोलकाता तक विस्तार किया जाना चाहिए। | Sr. DOM |
| 3.7 | संसदीय क्षेत्र जहानाबाद आज भी रेल सुविधाओं से वंचित रहा है। इसी कड़ी में दाऊदनगर अरवल होते हुए पटना रेल लाइन निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने का आग्रह है। | Construct ion MHX |
| 3.8 | औरंगाबाद-बिहटा रेल परियोजना का शिलान्यास 2007 में किया गया था, तब इस 118 KM रेलखंड के निर्माण की प्राक्कलित राशि करीब 326 करोड़ रुपये थी । इस कार्य के पूरा होने से बिहटा-अरवल- दाऊदनगर सहित 04 जिले की बड़ी आबादी को लाभ होगा। | Construct ion MHX |

# 4.0 श्री सुदामा प्रसाद, माननीय सांसद , आरा

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 4.1 | आरा पूर्वी गुमटी पर निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा किया जाए। | Sr. DEN |
| 4.2 | प्रस्तावित आरा सासाराम लाइन के दोहरीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाए। | Construction MHX |
| 4.3 | प्रस्तावित आरा से भभुआ रोड होते हुए मुंडेशवरी धाम तक रेल लाइन का निर्माण अतिशीघ्र पूरा किया जाए। | Construction MHX |
| 4.4 | आरा बलिया तथा आरा छपरा रेल लाइन का निर्माण कराया जाए। | Construction MHX |
| 4.5 | आरा रेलवे मालगोदाम को आरा में ही रहने दिया जाए, क्योंकि इससे आरा के जवाहरटोला, बहिरो, श्रीटोला सहित अगल-बगल के दर्जनों गावों के पल्लेदारी करने वाले मजदूरों की रोजी रोटी चलती है। | Sr. DCM |
| 4.6 | आरा में हेलि-एंबुलेस सहित रेलवे अस्पताल का निर्माण कराया जाए। | Sr. DEN |
| 4.7 | आरा स्टेशन पर निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित करवाया जाए-:<br>गाड़ी संख्या-: 12309/10, 19313/14, 19321/22, 12317/18, 12487/88, 12315/16 एवं 12323/24। | Sr. DCM |
| 4.8 | गाड़ी संख्या 12355/56 अर्चना एक्सप्रेस पटना से जम्मूतवी तथा जम्मूतवी से कटरा तक विस्तार किया जाए। | Sr. DOM |
| 4.9 | गाड़ी संख्या 12351/52 राजेन्द्रनागर हावड़ा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 13329/30 गंगा-दामोदर एक्सप्रेस का विस्तार आरा तक किया जाए। | Sr. DOM |
| 4.10 | पटना/दानापुर से आरा के लिए 07:30 बजे के बाद कोई सवारी गाड़ी नहीं है। सीधे 10:10 बजे में सवारी गाड़ी है। अगर इस बीच एक सवारी गाड़ी हो जाए तो यात्रियों को सुविधा होगी। | Sr. DOM |
| 4.11 | आरा पश्चिम रेलवे गुमटी के ऊपर स्थित ओवरब्रिज तथा बिहियाँ रेल लाइन के ऊपर स्थित ओवरब्रिज बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है, कभी भी हादसा हो सकता है। लोकहित में आरा और बिहियाँ ओवरब्रिज का मरम्मतीकरण का कार्य जल्द से जल्द शुरू कर पूरा किया जाए। | Sr. DEN |
| 4.12 | बिहियाँ में पश्चिम रेलवे ब्रिज, बनाही और रघुनाथपुर में ओवरब्रिज बनाया जाए। | Sr. DEN |
| 4.13 | आरा स्टेशन से लेकर बक्सर स्टेशन तक तथा आरा से पटना तक के सभी छोटे स्टेशनों के जर्जर व उबड़-खाबड प्लेटफॉर्मों को ढलाई कर ठीक किया जाए। यहाँ यात्रियों के बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है। पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था भी खराब हालत में है। सभी छोटे स्टेशनों पर महिलाओं को प्लेटफार्म के अगल-बगल के खेतों में जाना पड़ता है। शौचालयों के बाहर अंदर झाड़िया जम चुकी हैं और दरवाजे व पानी की व्यवस्था भी नहीं है। सभी स्टेशनों पर प्लेटफार्म के दोनों तरफ प्रतीक्षालय का निर्माण अति आवश्यक है, क्योंकि लू और बरसात का सामना करते हुए यात्री गाड़ियों की प्रतीक्षा करते हैं। रात में प्रकाश की व्यवस्था न रहने से अपराध का खतरा बना रहता है। | Sr. DEN |
| 4.14 | कुल्हाड़ियां स्टेशन के नजदीक ओवर ब्रिज से स्टेशन पर पहुंचने के लिए सीढ़ी का निर्माण करवाया जाए। | Sr. DEN |

| | | |
|---|---|---|
| 4.15 | कुल्हडिया स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 03 के बाद एक टिकट काउंटर खोला जाए। | Sr. DCM |
| 4.16 | कारीसाथ रेलवे स्टेशन के पश्चिम अंडर पास पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। | Sr. DEN |
| 4.17 | आरा जंक्शन से चेन्नई, बंगलौर के लिए ट्रेन शुरू कराया जाए। | Sr. DOM |
| 4.18 | बनाही स्टेशन पर एक जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराया जाए और बनाही स्टेशन सौंदर्य का कार्य कराया जाए। | Sr. DCM |
| 4.19 | भागलपुर दानापुर एक्सप्रेस इंटरसिटी का विस्तार आरा, बक्सर तक कराया जाए। | Sr. DOM |
| 4.20 | हसनबाजार स्टेशन हॉल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिया जाए तथा यहां गाड़ी संख्या 13249/13250 भभुआ पटना इंटर सिटी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.21 | गड़हनी रेलवे स्टेशन पर आरा रांची गाड़ी संख्या 18639 का ठहराव किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.22 | आरा - सासाराम रेलवे खण्ड में बने सेमराव स्टेशन को पुनः चालू किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.23 | आरा सासाराम रूट के कसाप स्टेशन पर पैसेंजर गाड़ी संख्या 03617,03618, 3672,3774 का ठहराय किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.24 | आरा सासाराम रेल खण्ड में नोनार हाल्ट पर पटना सासाराम गाड़ी संख्या 03611,036112 का ठहराव किया जाए। | Sr.DCM |
| 4.25 | आरा सासाराम रेलखंड के चरपोखरी हाल्ट पर 13249, 13250 ट्रेन का ठहराव किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.26 | बनाही , बिहिया, रघुनाथपुर (बक्सर) में फूट ओवर ब्रिज बनाया जाए। | Sr. DEN |
| 4.27 | बिहिया स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13237/38, 13239/40, 15645/46, 15647/48, 13005/06, 12295/96 (संघमित्रा एक्स्प्रेस), 13487/13488 सीमांचल एक्स्प्रेस का ठहराव दिया जाए। | Sr. DCM |
| 4.28 | दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत बनाही रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से पूर्व: चलने वाली फरक्का एक्स्प्रेस (15733/34 एवं 15743/44 को बनाही स्टेशन पर पुन: बहाल किया जाए तथा विभूति एक्स्प्रेस (12333/34) काशी पटना जनशताब्दी एक्स्प्रेस एवं मगध एक्स्प्रेस (20801/02) का ठहराव किया जाए। | Sr. DCM |
| 4.29 | आरा-चाँदी पथ पर जमीरा हाल्ट के पास ओवरब्रिज बनाया जाए। वर्तमान में आरा से चाँदी जाने के लिए एक मात्र रास्ता अंडरपास है। जो बरसात के दिनों में पानी से भरा रहता है। | Sr. DEN |

# 5.0 श्री अरुण भारती, माननीय सांसद , जमुई

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 5.1 | मेरे संसदीय क्षेत्र जमुई से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण नई रेल लाइन परियोजनाओं को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है-<br>(A) बरियारपुर-मननपुर (68 किलोमीटर), अनुमानित लागत ₹ 250 करोड़,<br>(B) नवादा-लक्ष्मीपुर (137 किलोमीटर), अनुमानित लागत ₹ 3120 करोड़,<br>(C) झाझा-बटिया (20 किलोमीटर), अनुमानित लागत ₹496 करोड़।<br>उपरोक्त परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इन योजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि का आवंटन नहीं किया गया है। इसके कारण सिकंदरा, खैरा, बरहट, सोनो, चकाई और अलीगंज जैसे प्रखंड आज भी रेलवे मानचित्र से कटे हुए हैं और विकास से वंचित हैं। इन रेल परियोजनाओं के निर्माण से न केवल जमुई जिले को लाभ होगा, बल्कि मुंगेर, शेखपुरा, लखीसराय, नवादा और बांका जैसे आस-पास के जिलों के लाखों लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। | Construction MHX |
| 5.2 | जमुई रेलवे स्टेशन को “अमृत भारत स्टेशन योजना” के अंतर्गत शामिल किया गया है, जिसकी घोषणा 14 दिसंबर 2023 को हुई थी। यह स्टेशन झाझा और किउल स्टेशनों के मध्य स्थित है तथा जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जी के जन्म स्थान तक पहुँचने का प्रमुख मार्ग है। यह जमुई जिला मुख्यालय का मुख्य रेलवे स्टेशन भी है। सरकार द्वारा जमुई स्टेशन के कायाकल्प के लिए 23 करोड़ रुपये की लागत से इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है, जो सराहनीय है। लेकिन इस योजना के तहत कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। अतः जमुई रेलवे स्टेशन के विकास कार्य की धीमी गति को देखते हुए, “अमृत भारत स्टेशन योजना” के अंतर्गत प्रगति में तेजी लाने हेतु मण्डल द्वारा क्या ठोस कदम उठाए जा रहे है। | CPM/Gati Shakti |
| 5.3 | 13319/20 जसीडीह-रांची-जसीडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस झाझा तक विस्तारित किया जाए। | Sr. DOM |
| 5.4 | 13333/34 दुमका-पटना को 4 दिन वाया झाझा किऊल चलाने या फिर इस रूट से दुमका-पटना हेतु अलग इंटरसिटी चलाया जाए। | Sr. DOM |
| 5.5 | 12253/54 SMVT बेंगलुरू & भागलपुर सप्ताहिकी की Frequency बढ़ाई जाए एवं झाझा में इसका ठहराव हो। जिले से बड़ी संख्या में मजदूर तबके के लोग मजदूरी को बेंगलुरु जाते हैं। इसके मद्देनजर इस ट्रेन के ठहराव की मांग कई वर्षों से की जाती रही है। | Sr. DCM |
| 5.6 | 12315/16 HWH & उदयपुर सिटी सप्ताहिकी एक्सप्रेस एवं 12261/62 आसनसोल-सीएसटी मुम्बई की Frequency बढ़ाई जाए। | Sr. DOM |
| 5.7 | 12323/24 हावड़ा-बाड़मेर एवं 12307/08 हावड़ा-जोधपुर एवं 22912/13 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस एक-एक दिन जसीडीह-झाझा-पटना के रास्ते चलाई जाए। | Sr. DOM |

| | | |
|---|---|---|
| 5.8 | मेनलाइन होकर दिल्ली के लिए चलने वाली प्रीमियर ट्रेनों की झाझा में स्टॉपेज नहीं होने से जमुई जिले के रेलयात्रियों की दिल्ली की राह मुश्किल होती है। अतः दूरंतो एवं राजधानी की झाझा में भी स्टॉपेज दी जाए। | Sr. DCM |
| 5.9 | सिरारी रेलवे स्टेशन पर 15619/20 गया कामाख्या एक्सप्रेस, 03265/66 राजगीर किउल स्पेशल का ठहराव दिया जाए । साथ ही, यहाँ आरक्षण काउन्टर की सुविधा, FOB का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। | Sr. DCM & Sr. DEN |
| 5.10 | सीरारी स्टेशन पर रेक पॉइंट बनकर तैयार है, अगर यहाँ गोदाम रेलवे के द्वारा बना दिया जाता है तो शेखपुरा के लोगों को रोजी-रोजगार, लोडिंग, अनलोडिंग करने में सुविधा होगी और क्षेत्र के लोग खुशहाल होंगे । | Sr. DCM |
| 5.11 | बुद्ध पूर्णिमा (राजगीर किउल स्पेशल) गाड़ी सं. 03265/66 को नियमित किया जाए। | Sr. DOM |
| 5.12 | गया से पटना के लिए वाया करौता, अशोकधाम होकर इन्टरसिटी चलाया जाए जो 10:00 बजे तक पटना पहुँच जाए फिर शाम को 05:00 बजे से 05:30 बजे तक पटना से चलाया जाए। | Sr. DOM |

## 6.0 श्री सुधाकर सिंह, माननीय सांसद , बक्सर

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 6.1 | ऐतिहासिक महत्व के बक्सर स्टेशन के प्रस्तावित आधुनिकीकरण की वर्तमान स्थिति, आरक्षण काउन्टर की अपर्याप्त संख्या, स्टेशन परिसर में पार्किंग की समस्या, नवनिर्मित पैदल पार पथ की ज्यादा लंबाई से होने वाली परेशानी को हल करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए । बक्सर स्टेशन के दोनों तरफ (ईटाढि और पाण्डेयपुर) ओवरब्रिज का निर्माण अतिआवश्यक है। | Sr. DCM & Sr.DEN |
| 6.2 | बक्सर स्टेशन पर ट्रेन से संबंधित मांग:-<br>1 राजधानी एक्सप्रेस (12309/10) का ठहराव।<br>2 बक्सर-पटना के बीच नई इन्टरसिटी एक्स्प्रेस।<br>3 सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का ठहराव ।<br>4 आरा-रांची एक्सप्रेस और दानापुर-साहेबगंज (13235/36) का बक्सर तक विस्तार ।<br>5 बक्सर स्टेशन के पास माल गोदाम को शहर से बाहर अन्यत्र कहीं शिफ्ट किए जाने पर विचार किया जाए जिससे घंटों जाम से शहर को मुक्ति मिल सके। | Sr. DCM & Sr. DOM |
| 6.3 | रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर ग्रामीण रेलवे स्टेशन विकास योजना के कार्यों की वर्तमान स्थिति, जर्जर फुट ओवरब्रिज का पुनरुद्धार कब तक किया जा सकेगा । | Sr. DEN |
| 6.4 | चौसा रेलवे स्टेशन पर आदर्श स्टेशन योजना के तहत प्लेटफ़ॉर्म का विस्तार, स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं और स्टेशन परिसर का आधुनिकीकरण से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाए। इस स्टेशन पर पटना-वाराणसी जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया जाए। | Sr. DEN & SR. DCM |

## 7.0 श्री खीरु महतो , माननीय सांसद , (राज्य सभा)

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 7.1 | हावड़ा गया वन्दे भारत ट्रेन को पटना तक विस्तारित किया जाय। | Sr. DOM |
| 7.2 | सभी ट्रेनों में वेडरोल की साफ-सफाई एवं कोच की साफ-सफाई बहुत ही खराब है उसे ठीक किया जाय। | Sr. DME |
| 7.3 | इस्लामपुर से हटिया चलने वाली हटिया इस्लामपुर ट्रेन में जो 1AC एवं 2AC दोनों मिला हुआ है, उसे अलग कर एक कोच 1AC किया जाए। | Sr. DOM |
| 7.4 | राजगीर से बनारस तक वन्दे भारत ट्रेन चलाई जाय। | Sr. DOM |
| 7.5 | कोरोना काल के समय लोकल ट्रेन में जो भाड़ा की वृद्धि की गई थी उसे पुनः पहले की तरह बहाल किया जाय। | Sr. DCM |
| 7.6 | दानापुर रेल मण्डल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख स्टेशनों पर रेल नीर, पानी का बोतल उपलब्ध कराया जाय एवं स्टेशनों पर मेडिकल की दुकान खोला जाय। | Sr. DCM |
| 7.7 | सभी यात्री ट्रेनो में आरपीएफ द्वारा यात्री सुविधाओं के लिए स्कॉट की व्यवस्था किया जाय। | Sr. DSC |
| 7.8 | सभी प्रमुख स्टेशनों पर डिसप्ले बोर्ड जल्द से जल्द लगाया जाय जो सही रूप से काम कर सके। | Sr. DSTE |
| 7.9 | सभी ट्रेनो में अवैध हॉकर को बन्द किया जाय और उसे रेल के नियमानुसार वैध हॉकर का लाईसेन्स दिया जाय। | Sr. DCM |
| 7.10 | पटना स्टेशन के दोनों तरफ अवैध पार्किंग है उसे बन्द किया जाय। | Sr. DCM |
| 7.11 | ज्यादातर रेल अधिकारी, माननीय सांसद एवं जोनल सदस्य का फोन रिसिव नहीं करते है उन्हें महाप्रबंधक द्वारा फोन रिसिव करने का आदेश दिया जाय। | |
| 7.12 | गया स्टेशन का नाम गया जी रखा जाय। | Others |
| 7.13 | पटना समेत सभी स्टेशनों पर एक्सलीटर की व्यवस्था की जाय और जहाँ एक्सीलेटर लगा हुआ है उसे ठीक किया जाय। | Sr. DEE (G) |
| 7.14 | वारसलीगंज स्टेशन का नाम बदलकर डॉ० श्री कृष्ण सिंह रखा जाय। | Others |
| 7.15 | बिहटा-अरवल-औरंगाबाद रेलवे लाईन को राजगीर तक जोड़ा जाय। | Cons. MHX |

## 8.0 श्री शंभू शरण , माननीय सांसद , (राज्य सभा)

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 8.1 | शेखपुरा रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ आने जाने हेतु 6 फीट का पैदल रास्ता या पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कराया जाए। | Sr. DEN |
| 8.2 | शेखपुरा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफ़ॉर्म सं. 02 पर कोई शौचालय नहीं है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, खासकर महिलाओं को। | Sr. DEN |
| 8.3 | देवघर वाराणसी वन्दे भारत एक्सप्रेस का शेखपुरा स्टेशन पर ठहराव दिया जाए। | Sr. DCM |
| 8.4 | कोसुमभा हाल्ट के पास रेलवे फाटक का निर्माण कराया जाए। | Sr, DEN |

## 9.0 श्री रवि शंकर प्रसाद , माननीय सांसद , पटना साहिब (प्रतिनिधि श्री रामजी सिंह)

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 9.1 | "अमृत भारत स्टेशन योजना" रेल मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसमें विभिन्न स्टेशन सुविधाओं यथा-नये स्टेशन भवन का निर्माण, आधुनिक सुसज्जित प्रतीक्षालय, डीलक्स शौचालय, पार्किंग का प्रावधान, स्टेशन परिसर का, एप्रोच रोड का निर्माण आदि कार्य शामिल है। इस योजना के अंतर्गत दानापुर मण्डल के चयनित स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों से संबंधित जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए, ताकि इस उपलब्धि को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। | Gati Shakti |
| 9.2 | हार्डिंग पार्क की जमीन रेलवे को राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण के उपरांत रेल विकास से संबंधित कार्य प्रगति एवं आधारभूत संरचनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। रेलवे द्वारा इस जमीन के उपयोग की भावी कार्य योजना की जानकारी भी माननीय सांसद महोदय को दिया जाए। | Sr. DEN |

**10 श्री जीतन राम मांझी , केन्द्रीय लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उधयम मंत्री, भारत सरकार (प्रतिनिधि-डॉ. मोहम्मद सिबगतुल्लाह खां)**

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 10.1 | पटना-गया रेलवे लाईन के मखदुमपुर और बेलागंज स्टेशन के बीच ग्राम-मननपुर (पोल संख्या- 67/05) के निकट रेलवे गुमटी या अंडर पास (एच एल एस) का निर्माण । | Sr. DEN |
| 10.2 | गया जंक्शन से पटना के लिए रात 10 बजे चलने वाली मेमू ट्रेन को पूनः परिचालन शुरू किया जाय। कोरोना काल से इस ट्रेन के बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। | Sr. DOM |
| 10.3 | गया-पटना के बीच फास्ट पैसेंजेर का परिचालन आरम्भ कराया जाना चाहिए ताकि जरूरत मंद यात्रियों को सफर में सहूलियत मिल सके । | Sr. DOM |
| 10.4 | राजगीर-कोडरमा स्पेशल ट्रेन का बंधुआ और टनकुप्पा स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाय, जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी और इसकी महत्ता भी बढ़ेगी \| | Sr. DCM |
| 10.5 | गया-चाकंद रेलवे स्टेशन के बीच बारा रेल क्रासिंग पर जल्द से जल्द आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य प्रारंभ करायी जाय | Sr. DEN |
| 10.6 | पटना से गया सुबह आने बाली पैसेंजेर ट्रेन को बेला स्टेशन पर काफी समय तक रोक दिया जाता है, जिससे यात्री परेशान हो जाते है। अतः इसमें सुधार लायी जाय । | Sr. DOM |
| 10.7 | चाकंद और बेला स्टेशन सहित मानपुर- नवादा सेक्सन वजीरगंज व अन्य स्टेशनों पर यात्री सुबिधा बढ़ायी जाय । | Sr. DCM |
| 10.8 | गया-पटना और गया-क्यूल के बीच चलने बाली पैसेंजेर ट्रेनों में साफ-सफाई, पानी, शौचालय तथा बेसिन की सफाई दुरुस्त किया जाय । | Sr. DME |

## 11 श्री वीरेन्द्र सिंह, माननीय सांसद, (लोक सभा) चंदौली (प्रतिनिधि श्री नवीन कुमार सिंह)

| क्रम. सं. | माननीय सांसदों द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 11.1 | अतिव्यस्त मुग़लसराय-हावड़ा वाया पटना रेलवे लाइन के धीना-अमडा रोड क्रॉसिंग पर एक ROB को स्वीकृत करने का कष्ट करें, क्योंकि यहाँ कभी कभी 45 मिनट या उससे ज्यादा समय तक फाटक बंद होने के कारण स्थानीय नागरिकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। | Sr. DEN |
| 11.2 | धीना एवं तुलसी आश्रम क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की जांच के अद्यतन रिपोर्ट से अवगत कराया जाए । साथ ही, मेरे संसदीय क्षेत्र के जनहित को ध्यान में रखकर नये ट्रेन के संचालन एवं ट्रेनों के ठहराव से संबंधित कार्यवाई से अवगत करायी जाए। | Sr. DEN<br>Sr. DOM<br>&<br>Sr. DCM |
| 11.3 | जामनिया और धीना रेलवे स्टेशन के मध्य उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद में बहोरा रेलवे हाल्ट पर रेल पटरी के दोनों तरफ आने-जाने के लिए न तो अंडरपास है, न ही कोई फाटक जिसके करण पचासों गावों के लोगों को इस पार से उसपार आने जाने हेतु कई किलोमीटर की दूरी ते करनी पड़ती है, जबकि पटरी के दोनों तरफ सटे हुए (ग्राम सभा बहोरा दक्षिण में और ग्राम सभा कुसहाँ सलेमपुर उतर में) पर सड़क भी बनी हुई है। अतः सुगम आवागमन हेतु एवं कृषि कार्य हेतु इस पार आने-जाने हेतु रेलवे फाटक बनाया जाए। | Sr. DEN |
| 11.4 | विगत दिनों यह देखा गया कि केन्द्रीय स्तर के योजनाओं/पूर्ण कार्यों आदि के उद्घाटन/शिलान्यास कार्यक्रम में सत्तापक्ष के सांसद, विधायक, राज्यसभा सांसदों को ज्यादा तरजीह देने से विपक्ष के सांसदों को प्रोटोकाल के तहत उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। इस संदर्भ में, महाप्रबंधक महोदय से आग्रह है कि संबंधित मंडलों के मण्डल रेल प्रबंधक को निर्देशित करें। | GM/<br>HQ/Hajipu<br>r |
| 11.5 | पटना -डी. डी. यू. रेल खंड के धीना और तुलसी आश्रम के बीच KM-725/15-17 पर स्वीकृत LHS के निर्माण के कार्यप्रगति से अवगत कराया जाए। | Sr. DEN |
| 11.6 | माननीय रेलमंत्री जी के द्वारा बजट में मेरे संसदीय क्षेत्र के रेल विकास कार्य हेतु आवंटित योजना राशि एवं उनके व्यय से संबंधित निदेशालय को दिए गए निर्देश के अनुसार कार्यों के प्रगति से अवगत कराया जाए। | GM/<br>HQ/Hajipu<br>r |

## 12 डॉ. भीम सिंह,, माननीय सांसद, (राज्य सभा) (प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत कुमार)

| क्रम. सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 12.1 | लंबी दूरी की सभी हावड़ा, गुवाहाटी और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों की ओर जाने वाली ट्रेनों में रूटीन चेकिंग (RPF और GRP के संयुक्त अभियान) करवाया जाना बहुत जरूरी है। इसमें आय दिन होने वाली वारदातों से अखबारों में सुर्खियां बनी रहती है | Sr. DSC |
| 12.2 | बिहार से गुजरने वाली 18 जोड़ी एवं बिहार से प्रस्थान करने वाली 06 जोड़ी “आस्था स्पेशल” ट्रेनों, पर्यटन एवं धार्मिक महत्व के अन्यान्य गाड़ियों के परिचालन की जानकारी आम जनों तक अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित किया जाना चाहिए । | Sr. DCM |
| 12.3 | रेलवे से संबंधित प्राय: 90% जन समस्याएं यथा- गाड़ियों के ठहराव, स्टेशन परिसर एवं प्लेटफ़ॉर्म पर बिजली-पानी, पार्किंग एवं पे एंड यूज शौचालय, ओवर चार्जिंग, महिला एवं दिव्याङ्गजन के लिए चिन्हित डिब्बों में अनाधिकृत प्रवेश, ट्रेनों की साफ-सफाई और खान-पान से संबंधित होते है । रेल अधिकारियों द्वारा समय-समय पर औचक निरिक्षण कर इसे दुरुस्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए। | All Concern |

## 13 श्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय कपड़ा मंत्री, भारत सरकार (प्रतिनिधि श्री अमित कुमार)

| क्रम. सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 13.1 | मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया को जोड़ने के लिए गंगा पर 1.865 किलोमीटर लंबे रेल-सह-सड़क पुल का निर्माण किया जा रहा है। वहाँ तीन किलोमीटर में फोरलेंन और 3.285 किलोमीटर में 06 लेन का संपर्क पथ बनाया गया है। इस पुल के चालू होने से उत्तर और दक्षिण बिहार के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस कार्य की प्रगति से अवगत कराया जाए। | Sr. DEN |
| 13.2 | अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत होने वाले स्टेशन विकास कार्यों की प्रगति का लेख-जोखा समय-समय पर स्थानीय सांसदों एवं विधायकों को भी अवगत कराया जाए ताकि इसे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रचारित प्रसारित किया जा सके। | Gati Shakti |

## 14 श्री विवेक ठाकुर, माननीय सांसद, (लोक सभा)/नवादा (प्रतिनिधि श्री रजनीश कुमार)

| क्रम. सं. | माननीय सांसद / प्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दे | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 14.1 | नवादा संसदीय क्षेत्र से देश की राजधानी दिल्ली के लिए नई दिल्ली-गोड्डा सपताहिकी हमसफर एक्सप्रेस (12349/50) के अतिरिक्त कोई दूसरी ट्रेन नहीं है। इसलिए, यात्री सुविधा को ध्यान में रखकर इस हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन सप्ताह में कम से कम दो दिन चलाए जाने पर विचार किया जाए। | Sr. DOM |
| 14.2 | नवादा स्टेशन से बिहारशरीफ (पावापुरी रोड) तक नई लाइन का निर्माण किया जाए। | Construction MHX |
| 14.3 | तिलैया-राजगीर रेलखंड पर गुमटी सं. 15C और 16C के मध्य हिसुआ-नरहट मार्ग के बाईपास हेतु रेल लाइन के पूर्व की दिशा में मात्र 150 मीटर सड़क का निर्माण हेतु सर्वसंबंधित को आदेश पारित करने की कृपा करें। | Sr. DEN |
| 14.4 | ज्ञात हुआ है की रेल मंत्रालय द्वारा बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया लाइन दोहरीकरण परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 2650 करोड़ रुपये का डी. पी. आर. प्राक्कलन बनाया गया है। | Construction MHX |
| 14.5 | किउल-गया रेल लाइन पर आवश्यक RUB/ROB का निर्माण किया जाए। | Sr. DEN |
| 14.6 | गोड्डा-भागलपुर-किउल-शेखपुरा-नवादा-गया रूट पर देश की राजधानी नई दिल्ली और पुणे (महाराष्ट्र) के लिए एक-एक नई ट्रेन के परिचालन पर विचार किया जाए। | Sr. DOM |
| 14.7 | तिलैया जंक्शन पर ट्रेन के परिचालन हेतु प्राथमिक अनुरक्षण (जैसे स्टेबलिंग लाइन, सीक लाइन, पिटलाइन, वाटरिंग व चार्जिंग का प्रावधान इत्यादि) की सुविधा दिया जाए। | Sr. DME |